केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितय तल, अगस्त क्रांति भवन
भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.
******

दिनांक: 27.04.2016

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2016/122
संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2016/00121
CICOM/R/2016/00154
अपीलकर्ता : श्री विद्याधर पाण्डेय,
1901, गौर वैश्विक ग्राम, चतुष्पथ घंटाघर,
गाजियाबाद – 201016.
निर्णय की तारीख : 27.04.2016

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 14.01.2016 |
| आर.टी.आई. आवेदन के प्रतिउत्तर की तिथि | 16.02.2016 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री आर.एल.गुप्ता |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 02.03.2016 |
| आयोग में प्रथम अपील का डायरी सं. व तिथि | 118675/07.03.2016 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 130/08.03.2016 |

1. अपीलकर्ता ने आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से 3 बिंदुओं पर सूचनाएं मांगी थी । जिसके प्रतिउत्तर में श्री आर.एल.गुप्ता, उप-पंजीयक व जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना से व्यथित होकर अपीलकर्ता ने प्रथम अपील दाखिल की है ।

2. संबंधित संचिका का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता ने 3 बिंदुओं पर जानकारी मांगी है, जिसमें बिंदु सं. 1 तहत कोई सूचना अपेक्षित नहीं है बल्कि एक सुझाव है तथा बिंदु सं. 2 व 3 के तहत द्वितीय अपील सं. CIC/BS/A/2014/001010/7458 के कार्यान्वयन (Compliance) तथा कार्यान्वयन से हेतु समय-सीमा से संबंधित है । श्री आर.एल.गुप्ता, उप-पंजीयक व जन सूचना अधिकारी द्वारा बिंदु सं. 2 व 3 के तहत प्रदान की गई सूचना संतोषप्रद नहीं पाई गई । अतः श्री आर.एल.गुप्ता, उप-पंजीयक व जन सूचना अधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि इस आदेश की प्राप्ति के दस कार्यदिवसों के अंदर बिंदु सं. 2 व 3 के संदर्भ में अपीलकर्ता को स्पष्ट सूचना प्रदान की जाए ।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील, यदि कोई हो, आदेश प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, 'सी' विंग, अगस्त क्रांति भवन, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066 में की जा सकती है ।

अधोहस्ताक्षरी (प्रथम अपीलीय अधिकारी) के पास कार्य की अधिकता एवं हिंदी टंकण जानने वाले कार्मिक की अनुपलब्धता के कारण अपील के निपटान में हुई देरी के लिए खेद है ।

अचला सिन्हा

(अचला सिन्हा)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी

O/C

प्रतिलिपि : 28/4/16

1. जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
2. श्री आर.एल.गुप्ता, उप-पंजीयक व जन सूचना अधिकारी, सूचना आयुक्त-बी.एस. कार्यालय, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली।

C. I. C./के० सू० आ०
RECEIVED
28 APR 2016
Initials..........

C. I. C./के० सू० आ०
ISSUED
28 APR 2016
D No..........
Initials..........